कुलपति को बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज में मिले सिर्फ 9 छात्र-छात्राएं

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति का औचक निरीक्षण

देहरादून, 31 अक्तूबर (ब्यूरो) : उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति के औचक निरीक्षण में रुड़की के बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज में कुल नौ छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। लगभग शतप्रतिशत विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर कुलपति ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्याल का शैक्षणिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो चुका है और दिसम्बर में विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इसके बावजूद कई कालेजों में पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाही बरती जा रही है। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने संस्थान बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षाओं में मात्र नौ छात्र-छात्राएं ही उपस्थित पाए गए।

संस्थान में लगभग शतप्रतिशत छात्रों की अनुपस्थिति को देख कुलपति ने सख्त नाराजी व्यक्त करते हुए संस्थान के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरूप कक्षाएं संचालित नहीं करना यह दर्शाता है कि संस्थान छात्रों के भविष्य के साथ कितना बड़ा अन्याय कर रहा है। शिक्षकों से उपस्थिति पंजिका मंगाये जाने पर उनमें भी अनियमितताएं पायी गयी, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिये गए और विश्वविद्यालय पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कराने का कहा गया है।

कुलपति ने संस्थान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संस्थान द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा के दृष्टिगत शैक्षणिक व्यवस्था को ठीक नहीं किया जाता है तो संस्थान की सम्बद्धता बनाये रखने के संबंध में विश्वविद्यालय को विधिसम्मत कठोर कार्यवाही हेतु निर्णय लेना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की होगी। शैक्षणिक वातावरण किसी भी तरह से दूषित नहीं होने दिया जायेगा।